आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

## भाजपा की चुनाव समिति की बैठक संपन्न

# उम्मीदवारों के चयन पर हुई चर्चा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की झारखंड प्रदेश चुनाव समिति की बैठक सोमवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने की। इस बैठक में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा सहित कई नेता उपस्थित थे। बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति और उम्मीदवारों के चयन पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, नीलकंठ सिंह मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो, बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, श्याम नारायण दुबे, केदार हाजरा, आरती सिंह, गणेश तिवारी सहित कई नेता उपस्थित थे।

# सीएम से मिला झारखंड प्रदेश मुखिया संघ




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के तत्वावधान में राजभवन के पास अनिश्चितकालीन धरना जारी है। मुखिया संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और अपनी पांच सूत्री मांगों को रखा। मुखिया संघ की मांगों में राज्य वित्त आयोग की राशि शीघ्र पंचायतों को देने, जनप्रतिनिधियों को 30 लाख का मुआवजा देने, मानदेय 30,000 रुपये करने और सरकारी योजनाओं में पंचायत जनप्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग शामिल है। धरना में बोकारो जिला मुखिया संघ और सिमडेगा जिला मुखिया संघ के सदस्यों ने भाग लिया। आजसू पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र नारायण तिवारी और विधायक नवीन जायसवाल ने भी धरना में भाग लिया और मुखिया संघ की मांगों का समर्थन किया। मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव ने कहा कि सरकार ने अभी तक उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया है, इसलिए धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने मुलाकात में आश्वासन दिया है, लेकिन जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, धरना जारी रहेगा।

# 15 सितंबर को झारखंड आयेंगे पीएम मोदी
# 2 वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखायेंगे हरी झंडी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड दौरे पर आनेवाले हैं। वह 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर आनेवाले हैं। जमशेदपुर में वह दो वंदे भारत ट्रेन टाटा पटना और टाटा भुवनेश्वर को हरी झंडी दिखायेंगे। वहीं जमशेदपुर के गोपाल मैदान में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी प्रदेश पदाधिकारियों और जमशेदपुर सांसद के अलावा कोल्हान के तीनों जिलों के पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ ही पीएम चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम से भी मिलेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड आ रहे हैं। ऐसे में कोल्हान की राजनीति गर्म होने वाली है।

# कांग्रेस आलाकमान से बंधु की मांग, संगठन के दिग्गजों को चुनाव मैदान में उतारा जाये



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने पार्टी आलाकमान से मांग की है कि संगठन और विभिन्न आयोगों में नियुक्त पार्टी के दिग्गजों को इस बार चुनाव मैदान में उतारा जाये। उन्होंने कहा कि इससे सांगठनिक और दूसरे पदों पर बैठे इन दिग्गजों की राजनीतिक ताकत और लोकप्रियता का लाभ पार्टी को मिलेगा। बंधु तिर्की ने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष संजय लाल पासवान और गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन का नाम लेकर कहा कि ये लोग बहुत दिनों से पार्टी की सेवा कर रहे हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए उन्हें संगठन के साथ-साथ दूसरे पदों पर भी नियुक्त-मनोनीत किया गया है। इसलिए इनके समर्पण और सेवाभाव को देखते हुए इन्हें आसन्न विधानसभा चुनाव में टिकट दिया जाना चाहिए। इनके चुनाव लड़ने से पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का संचार होगा और इनकी पकड़ का लाभ कांग्रेस को मिलेगा।

## राशिफल

शैलेंद्र जी | 9905199063

**मेष** — अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित रहने और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।

**वृष** — करियर के क्षेत्र में नए कार्य की शुरूआत कर सकते हैं, जिससे आगामी समय में लाभ देखने को मिलेगा।

**मिथुन** — आपका सामाजिक जीवन आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप है, लेकिन कभी-कभी आप अपने रिश्तों में बहुत अधिक भौतिकवादी होते हैं।

**कर्क** — बाहर आप खुश दिखाई देते हैं, लेकिन अंदर आप उदास होने का खतरा है। हास्य की एक सामान्य भावना की कमी हो सकती है।

**सिंह** — आप राजनयिक संबंधों के लिए अनुकूल नहीं हैं। व्यवसाय बदलने के लिए उपयुक्त समय हैं।

**कन्या** — कार्य व्यापार में इच्छित सफलताएं पाएंगे। धनधान्य और बचत संग्रह के मामलों को बढ़ावा मिलेगा।

**तुला** — आप कुछ आवश्यक बदलावों का अनुभव कर सकते हैं। जो आपके जीवन की दिशा तय करेंगे।

**वृश्चिक** — आपको एक सकारात्मक दृष्टिकोण रखना होगा, अपना धैर्य बनाए रखना होगा।

**धनु** — आप अपना व्यवसाय स्थापित करने की योजना बना रहे हैं, या एक नए करियर में शामिल होने की योजना बना रहे हैं।

**मकर** — आपके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आपका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है।

**कुंभ** — भटका हुआ महसूस कर सकते हैं। प अपने दिनों को बेहतर बनाना चाहते हैं।

**मीन** — एक खुशहाल रिश्ता, शादी और साझेदारी बनाने की संभावना है। आपके करियर के संदर्भ में, चीजें सुचारू रूप से चलेंगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### नवोदय स्वयंसेवी संगठन की बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। नवोदय स्वयंसेवी संगठन की वार्षिक आम बैठक रांची प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में संगठन की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि डॉ. माया कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष करम सिंह मुंडा और सचिव मदन मोहन महतो ने संगठन की उपलब्धियों को साझा किया और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। बैठक में संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और नये जिला समन्वयकों की नियुक्ति की गयी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों और संगठन के सदस्यों ने भाग लिया। संगठन के कोषाध्यक्ष डॉ. परमानंद सिंह मुंडा, राजीव चौरासिया, डॉ. राज नारायण साहू, समीर सेन, जितेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार आदि प्रमुखता से उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन अभाष नाथ ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सुधीर कुमार ने किया।

### नव निर्माण यात्रा सिल्ली में



सिल्ली (आजाद सिपाही)। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जन्मस्थली प्रारंभ झारखंड नवनिर्माण यात्रा का आज दूसरा दिन रहा। यात्रा में संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने सिल्ली प्रखंड के बड़ा चागंडु पंचायत के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर किया एवं वीर शहीदों के त्याग और बलिदान पर चर्चा की गयी। संगठन के प्रखंड सचिव खुदीराम महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि यह यात्रा केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो द्वारा हरी झंडी दिखा कर जारी किया गया है। जन जागरण एवं बदलाव हेतु यह आगे जारी रहेगा।

### यूबीआइ सतर्कता जागरूकता अभियान



रांची (आजाद सिपाही)। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सतर्कता जागरूकता का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल कार्यालय द्वारा रांची शहर के चेशायर होम में सतर्कता जागरूकता कैंप लगाया गया। अजय कुमार सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा उपस्थित लोगों को सतर्कता जागरूकता के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर बैजनाथ सिंह, अंचल प्रमुख रांची, सिम्हाचलम, उप महाप्रबंधक, केंद्रीय कार्यालय तथा चेशायर होम की सिस्टर बिमला एवं बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति रही।

### छात्रों ने जेएसएससी की शव यात्रा निकाली, विरोध में पुतला फूंका

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 की परीक्षा हुए 10 महीने पूरे होने बाद दो-दो बार जेएसएससी द्वारा कैलेंडर जारी करके बताया गया कि अगस्त का द्वितीय सप्ताह 2024 में रिजल्ट जारी किया जायेगा, परंतु अगस्त के द्वितीय सप्ताह ही नहीं बल्कि सितम्बर पहुंच चुका है और अब तक रिजल्ट घोषित नहीं किया गया है। इस नियुक्ति प्रक्रिया में विलंब होने से नगरपालिका के छात्रों ने आक्रोशित हो कर जेएसएससी कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण प्रदर्शन, शव यात्रा एवं पुतला दहन किया। अभ्यर्थियों का मुख्य मांग है कि परीक्षा परिणाम यथाशीघ्र प्रकाशित एवं नियुक्ति पत्र दिया जाये।

# टीएसपीसी एरिया कमांडर ने किया सरेंडर




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पुलिस के दबाव और राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर टीएसपीसी के एरिया कमांडर राहुल गंझू उर्फ खलील जी ने राची पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। इसके खिलाफ रांची के बुढ़मू, ठाकुरगांव, खलारी, सुखदेवनगर, मांडर, पिपरवार और रातू थाना में कुल 21 मामले दर्ज हैं। इसपर हत्या, फिरौती और आर्म्स एक्ट समेत कई आरोप हैं।

पुलिस की मानें तो नक्सली राहुल उर्फ खलिल जी के आत्मसमर्पण के पीछे उसकी प्रेमिका की अहम भूमिका है। राहुल खुद नौवीं कक्षा तक पढ़ा है। लोहरदगा की अनिता बीए पास है। अनिता ने ही उसे समाज की मुख्यधारा में लौट कर नयी जिंदगी शुरू करने के लिए प्रेरित किया। आत्मसमर्पण के बाद राहुल उर्फ खलिलजी ने पुलिस को बताया कि बुढ़मू थानाक्षेत्र के सीरम गांव का निवासी है। गांव के जंगली क्षेत्र के करीब होने की वजह से अक्सर टीएसपीसी नक्सली उसके गांव में आया करते थे। उसी दौरान नक्सली सागर गंझू और जगु उर्फ जागेश्वर गंझू और उनके दस्ता के सदस्यों से हुई। 2016 में किशुन गंझू के कहने पर संगठन में शामिल हो गया था।

2019 में जोनल कमांडर जगू उर्फ जागेश्वर गंझू पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। इसके बाद सब जोनल कमांडर हजारीबाग के रामेश्वर उर्फ पहाड़ी को कमांडर बना दिया गया। रामेश्वर ने एक साल बाद यानी 2017 में राहुल को .315 बोर का राइफल दे दिया। फिर साल 2020 में एके 47 देकर उसे एरिया कमांडर बना दिया गया। राहुल को उमेडंडा, बुढ़मू, खलारी, चान्हों, मांडर और रातू इलाके की जिम्मेदारी दी गयी थी।

इसको सरकारी काम में लगे ठेकेदारों से लेवी वसूलने का काम दिया गया था। राहुल को 20 दिसंबर 2021 को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साल 2023 में होटवार जेल से बाहर आते ही कमांडर रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी से मिलकर फिर एक्टिव हो गया। जनवरी 2024 में रातू में फ्लाईओवर निर्माण करा रहे ठेकेदार को लेवी के लिए धमकी दी। फरवरी 2024 में चकमे स्थित पेट्रोल पंप मालिक को धमकी दी और फायरिंग भी की। जन प्रतिनिधि मोहन जयसवाल को फरवरी 2024 में लेवी की मांग की। यह शख्स मई 2024 में सीरम के जंगलों में पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में भी शामिल था।

उसने पुलिस को बताया कि संगठन अब शोषण और लेवी वसूली की पार्टी हो गयी है। बेवजह, ग्रामीणों को प्रताड़ित किया जाता है। इससे वह परेशान था। अब वह परिवार के साथ सामान्य जीवन बिताना चाहता है। उसने अपने साथियों से ही हथियार छोड़कर सरेंडर करने की अपील की है। बता दें कि सरेंडर पॉलिसी के तहत राहुल उर्फ खलिलजी को ओपन जेल में रखा जायेगा। इसके सरेंडर करने से रांची के ग्रामीण इलाकों में शांति बहाली की उम्मीद जगी है।

## डीजीपी ने लिखा पत्र, कहा
# एफआइआर नहीं करनेवाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के डीजीपी ने सभी जिलों के एसपी को पत्र लिख कर एफआइआर नहीं करनेवाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। पत्र लिख कर कहा है कि एफआइआर दर्ज नहीं करने वाले संबधित थाना प्रभारियों पर अनुशासनिक कार्रवाई होगी। आम जनता से दुर्व्यवहार और बदतमीजी करनेवाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध भी कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी। डीजीपी ने आदेश में लिखा है कि विभिन्न सूत्रों से ऐसी जानकारियां प्राप्त हो रही हैं कि राज्य के अनेक जिलों में थाना प्रभारी एवं थाना के अन्य कर्मी विशेष कर मुंशी, आम जनता से अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं। जनता की शिकायतों पर थाना में प्राप्ति रसीद भी नहीं देते हैं, जिसके चलते भुक्तभोगी भटकते रहते हैं। उन्हें उचित न्याय नहीं मिल पाता है। डीजीपी ने पत्र में लिखा है कि सभी पुलिसकर्मियों को जानकारी दिये जाने की आवश्यकता है कि वे समाज और जनता के सेवक एवं सुरक्षाकर्मी हैं, ना कि उनके मालिक। पुलिसकर्मियों को इसी भाव से अपनी ड्यूटी करनी चाहिए

### क्या दिया निर्देश

यदि कोई साइबर अपराध, एसटी-एससी, ह्यूमैन ट्रैफिकिंग एवं महिला अपराध से संबंधित भुक्तभोगी किसी आम थाने पर जाता है, तो उसे क्रमशः साइबर, एसटी-एससी, एएचटीयू या महिला थाना में जाने की सलाह दी जाती है, जो कि पूर्णतः गलत है। यदि किसी जिले में अपराध विशेष उद्धरण महिला अपराध, साइबर अपराध के लिए अलग से थाना खुला है, उसका ये मतलब कतई नहीं है कि जिले के अन्य थानों में इस संबंध में एफआइआर दर्ज नहीं की जा सकती।

# ग्रामीण विकास मंत्री के आवास पर धरना पर बैठे मनरेगा कर्मी, मांगें पूरी नहीं होने तक हड़ताल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यभर के मनरेगा कर्मचारी सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री डॉ। इरफान अंसारी के रांची स्थित आवास के समक्ष धरना पर बैठ गये हैं। 22 जुलाई से सेवा स्थायीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालिन हड़ताल कर रहे मनरेगा कर्मियों ने इस अवसर पर एक स्वर पर कहा कि अगर मांग पूरे नहीं हुई तो सरकार को अर्श से फर्श पर लाने का काम करेंगे। मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि मनरेगा कर्मी इस बार सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और वेतनमान के लिए आंदोलन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों के बहकावे में मंत्री इरफान अंसारी अनर्गल बयान दे रहे और कह रहे है कि तीन वर्ष के पहले मानदेय बढाने का कोई प्रावधान नहीं है। जबकि, दूसरे राज्यों हर साल मनरेगा कर्मियों को 10 फीसदी तक मानदेय बढ़ जाता है। स्वयं झारखंउ सरकार के मनरेगा कोषांग के कर्मियों को ग्रेड-पे की सुविधा मल रही है, जबकि वास्तविक कामगार को पुछा नही जा रहा है। उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि सौहार्दपूर्ण वार्ता कर अविलंब उनकी मांगों को पूरा कराने का ठोस आश्वासन दिया जाना चाहिए, अन्यथा हड़ताल को नहीं तोड़ा जायेगा।

### 80 लाख का ठगी करने वाले साइबर अपराधी को सीआइडी ने किया गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** मूल राशि का 10 गुणा करने का प्रलोभन देते हुए 80 लाख का ठगी करने वाले साइबर अपराधी को सीआइडी ने गिरफ्तार किया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर सीआइडी की साइबर सेल टीम ने कार्रवाई करते हुए तमिलनाडु से अशोक कुमार रवि नाम के एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। सोमवार को सीआइडी ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी ने वादी को फेसबुक के माध्यम से संपर्क किया और राशि निवेश करने का प्रलोभन दिया गया। इसके बाद उन्हें वीकिंग एप मोबाइल में इंस्टॉल करवाया।

साइबर अपराधी ने इस एप के फेक इन्वेस्टमेंट एप्लिकेशन के जरिए निवेश करते हुए मूल राशि का 10 गुणा करने का प्रलोभन देते हुए कुल 80 लाख रुपये की साइबर ठगी कर लिया गया। इसे लेकर वादी द्वारा इस साल अप्रैल महीने में साइबर सेल में मामला दर्ज कराया गया था।

## झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन , कहा
# जेपीएससी में जल्द करायें अध्यक्ष की नियुक्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उनसे जेपीएससी में जल्द से जल्द नये अध्यक्ष की नियुक्ति का आग्रह किया। राज्यपाल से मिलनेवाले एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सत्यनारायण शुक्ला, महासचिव प्रकाश कुमार, सचिव अजय कुमार यादव, संरक्षक राहुल कुमार और संगठन के सदस्य चंदन कुमार तथा अजय कुमार के नाम शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि जेपीएससी एक ऐसी संस्था बन गयी है, जिस पर हमेशा भ्रष्टाचार का आरोप रहता है। पहली जेपीएससी से लेकर दसवीं जेपीएससी तक भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द से जल्द करवायी जाये। इस पद पर ऐसे अध्यक्ष की नियुक्ति की जाये, जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप ना हों और वह झारखंड के आदिवासी-मूलवासी छात्रों के हित में काम करे। 11वीं से 13वीं जेपीएससी मेंस का रिजल्ट जल्द से जल्द प्रकाशित किया जाये। इसके साथ ही साक्षात्कार में मिनिमम 40 और मैक्सिमम 80 नंबर रखा जाये तथा फूड सेफ्टी ऑफिसर का रिजल्ट जल्द से जल्द प्रकाशित किया जाये। उनकी बातें सुनने के बाद राज्यपाल ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही वह मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे और जेपीएससी के मेंबर्स से भी वार्ता करेंगे। समस्या का जल्द से जल्द निदान किया जायेगा।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 2970 दिनांक 02.09.2024 मैं अलमा लकड़ा उम्र 49 वर्ष लगभग, पति लक्ष्मण लिण्डा,धर्म ईसाई पेशा-प्राइवेट शिक्षिका, निवासी ग्राम -बरतुआ लुकईया पोस्ट -गोसाईबलिया, थाना -बडकागांव, जिला- हजारीबाग शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं:- 1.यह कि मेरा वास्तविक नाम अलमा लकड़ा है। मेरे सभी शैक्षाणिक प्रमाण- पत्र में मेरा नाम अलमा लकड़ा ही लिखा है। 2. यह कि मेरे पति लक्ष्मण लिण्डा पिता स्व. बिगन लिण्डा निवासी ग्राम - बरतुआ लुकईया पोस्ट गोसाईबलिया थाना- बडकागांव जिला- हजारीबाग है। मेरे पति भारतीय सेना में कार्यरत हैं। 3. यह कि भूलवश मेरे पति श्री लक्ष्मण लिण्डा के सेवा पुस्तिका में नामित व्यक्ति नौमिनी में मेरा नाम अलमा लिण्डा लिखा गया है जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम अलमा लकडा है। 4. यह कि मेरी जन्म तिथि 29.01.1975 है। मेरे सभी शैक्षण्कि प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वगैरह मेंमेरी जन्म तिथि 29.01.1975 अंकित है। 5. यह कि मेरे पति की सेवा पुस्तिका में पति ने मुझे नौमिनी बनाया लेकिन भूलवश मेरी जन्म तिथि 29.01.1974 लिखा गया जो गलत है मेरी जन्म तिथि 29.01.1975 ई0 है जो सही व सत्य है 6. यह कि यह शपथ पत्र मेरे पति की सेवा पुस्तिका में नौमिनी मे मेरा नाम सुधार एवं मेरेजन्म तिथि के सुधार हेतु बनाया गया है ।

## सोड़ो पंचायत भवन परिसर में पोषण माह का आयोजन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो पंचायत भवन में सोमबार को आपकी योजना आपकी सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण से संबोधित पोषण घड़ा का प्रर्दशनी किया गया।वही पंचायत में उपस्थित विधायक, आंगनवाड़ी सेविका, सहिया,मानसी परियोजना कर्मी और ग्रामीणों को पोषण का शपथ प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो ने दिलवाया, और लोगों से अपील किया कि शरीर को स्वास्थ्य रखने के लिए प्रतिदिन हरा साग सब्जी का सेवन करना है,इससे हमारा शरीर स्वास्थ्य ओर तंदरुस्त रहता है। कार्यक्रम में 6 माह के 15 बच्चों को अन्नप्रशनन कराया गया। मौके पर ईचागढ़ विधायक सबिता महतो,बीडीओ कीकू महतो, महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्री, जया पाण्डेय, बीपीएम चंदन कुमार सिंह, बीपीओ निपेन प्रधान, उपप्रमुख दीपक कुमार साव, सलमा मारडी, बिंदु सिंह मुंडा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## संडे ड्यूटी को लेकर ट्रेड यूनियन और रैयत विस्थापित मोर्चा की हुई बैठक



खलारी (आजाद सिपाही)। संडे ड्यूटी मुदा को लेकर डकरा ऑफिसर्स क्लब में एनके एरिया संयुक्त मोर्चा और रैयत विस्थापित मोर्चा की संयुक्त बैठक बिगन सिंह भोगता की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन राम लखन गंझु ने किया। बैठक में बीते रविवार को पुरनाडीह परियोजना में संडे ड्यूटी को लेकर प्रबंधन की तानाशाही रवैया का विरोध किया गया। बैठक में वक्तओं ने कहा कि प्रबंधन अपनी कारगुजारी का ठीकरा मजदूरों पर फोड़ रही है। गलती प्रबंधन की और मजदूरों को उनका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। यदि प्रबंधन को वहां मजदूरों को संडे देने में परेशानी हो रही है तो मजदूर को दूसरे परियोजनाओं में भेजा जाए लेकिन सभी मजदूरों को संडे ड्यूटी देना होगा। परियोजना पदाधिकारी और महाप्रबंधक से आने वाले संडे में सभी कामगारों को ड्यूटी देने को लेकर बात की जायेगी। यदि बैठक में हमारी मांगों को नहीं माना गया तो आंदोलन चलाया जायेगा। बैठक मे प्रेम कुमार, बिगन सिंह भोगता, गोल्डन यादव, कृष्णा चौहान, डीपी सिंह, रंथू उरांव, सुनील कुमार सिंह, अमृत भोगता, रामलखन गंझु, विनय खलखो, कन्हाई पासी, देवपाल मुंडा, जालिम सिंह, अशोक राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## जिप उपाध्यक्ष और प्रमुख ने बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया



सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली प्रखंड कार्यालय में सोमवार को 220 स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। साइकिलों का वितरण जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी और बीडीओ रेणु बाला ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बलराम मुंडा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के साइकिल वितरण योजना के तहत कुल 1227 विद्यार्थियों को साइकिल दिया जाना है। उनमें से पहले चरण में कुल 222 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। शेष सभी को भी जल्दी ही साइकिल दी जायेगी। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक मौजूद थे।

## अंचलाधिकारी ने जंगल में जब्त किया अवैध बालू का स्टॉक



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के धमधमिया के दामोदर नदी किनारे जंगलों में से अवैध रूप से बालु भंडारण की सूचना पर अंचलाधिकारी खलारी प्रणव कुमार अंबष्ट ने अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई कर लगभग 400 सीएफटी बालु जब्त किया। इस दौरान मैकलुस्कीगंज थाना के एसआई रकेश कुमार दल बल के साथ मौजूद थे। अंचलाधिकारी ने बालू को लेकर खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की बात कही। ज्ञात हो कि अवैध बालु खनन पर एनजीटी के द्वारा झारखंड सहित पूरे देश 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालु के अवैध खनन व परिवहन पर रोक लगायी गयी है। अंचलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि बालु के अवैध कारोबार में जिनकी भी संलिप्तता पायी जायेगी, उसपर कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## हुटाप और मायापुर पंचायत में डीएमएफटी योजनाओं का किया गया शिलान्यास



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। हुटाप और मायापुर पंचायत में डीएमएफटी फंड से बनने वाले कई योजनाओं का शिलान्यास किया गया। सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह और खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट हटाकर शिलान्यास किया। जिनमें हुटाप पंचायत के मध्य विद्यालय खलारी बाजार टांड में दो शौचालय, चार कमरा और स्कूल की बाउंड्री, मायापुर और हरहु आंगनवाड़ी केंद्र में डीप बोरिंग और टंकी निर्माण किया जायेगा बनाया। इस मौके पर खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझु, अरविंद सिंह, शशि प्रसाद साहू, रामसूरत यादव,नागदेव सिंह, चतुर्गुण भुइयां, नारायण सिंह, उतरा कुमार सतनामी सहित कई लोग मौजूद थे।

## आदिवासी मिलन समारोह में पड़हा समाज की उपेक्षा का आरोप

खूंटी (आजाद सिपाही)। टोपनो पडहा की सोमवार को हुई बैठक में संत जासेफ हाई स्कूल मैदान में गत रविवार को आयोजित आदिवासी मिलन समारोह में टोपना पड़हा को अपेक्षित रखने पर टोपनो पड़हा ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। बैठक में कहा गया कि टापनो पड़हा के गढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, लेकिन इसकी सूचना तक पड़हा के लोगों को नहीं दी गयी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जब पड़हा समाज के लोग समारोह स्थल पर पहुंचे, तो पाया कि मंच में राजनीतिक नेता आसींद थे। इस संबंध में पड़हा राजा लंगो बिरसा टोपनो और दीवान बिलकन टोपनो ने कहा कि मुंडा समाज में पड़हा का दर्जा सबसे श्रेष्ठ है। पड़हा से कोई भी सदस्य आदिवासी मिलन समारोह में शामिल नहीं था। उन्होंने कहा कि रेजन गुड़िया खुद को पड़हा समिति लिखते हैं, जबकि यह निर्णय पड़हा समाज का है ही नही। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का पड़हा समाज कड़ा विरोध करता है।

# राज्यपाल संतोष गंगवार ने ग्रामीणों से किया संवाद, परिसंपत्तियों का वितरण






आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के सुदुरवर्ती गांव रूगड़ी में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सोमवार को पहुंचे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। जिला पुलिस वल द्वारा राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उपायुक्त, विधायक सविता महतो, पुलिस अधीक्षक और पदाधिकारियों के द्वारा छौ मुखौटा, स्मृति चिन्ह, बुके, केप और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। राज्यपाल के कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत व दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज्यपाल द्वारा गांवों में जाकर जन संवाद स्थापित करना एक बड़ी पहल के रूप में देखते हुए ग्रामीणों में एक खास उत्साह देखा गया। वहीं राज्यपाल ने ग्रामीणों से पीएम किसान योजना, पीएम आवास योजना, दीदी सखी बाड़ी योजना, प्रधानमंत्री उज्वला गैस योजना आदि के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी लिया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने महिला समितियों के बीच 1 करोड़ 60 लाख का डेमो चेक सी आई एफ योजना के तहत 21 लाख ,वन पट्टा, प्रधानमंत्री जन मन योजना का स्वीकृति पत्र , केसीसी व पीएम किसान योजना का चाभी आदि परिसंपतियों का वितरण किया। पहली बार ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के किसी सुदुर वर्ती गांव में राज्यपाल पहुंचने से लोगों में खुशी देखते ही बन रहा था। राज्यपाल ने लोगों से सरकार की कल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है कि नही इसका भी जानकारी लिए। राज्यपाल के हाथों परिसम्पतियों का वितरण भी किया गया।राज्यपाल के आगमन पर चप्पे चप्पे पर पुलिस वल तैनात किया गया था। जिला के डीसी रविशंकर शुक्ल,एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने खुद मोर्चा संभाले हुए थे। बासाहातु गांव के राहुल मुंडा ने राज्यपाल से गांव का सड़क निर्माण में पहल का मांग रखा। वहीं राज्यपाल ने पत्रकारों को बताया कि वे जनताओं से संवाद करने आए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्याओं को रखते हैं तो उस पर सक्षम पदाधिकारी को निर्देश दिया जायेगा। चंदन कुमार महतो रिपोर्टर

# जनता से सुझाव लेकर तैयार होगा भाजपा का संकल्प पत्रः नीलकंठ




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजनपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि क्षेत्र की जनता से राय- मशविरा के बाद ही विधाानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र तैयार होगा। जिला उपाध्यक्ष और राज्य कं पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री सोमवार को भाजपा के अन्य उपाश्क्ष बालमुकुद कश्यप के साथ जिला भाजपा कार्यालय मे आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। बालमुकुंद कश्यप ने कहा कि दो महीने में झारखंड विधानसभा चुनाव होना है। भाजपा चुनाव से पूर्व संकल्प पत्र जारी करेगी। संकल्प पत्र जारी करने से पूर्व भाजपा जनता से बात कर उनसे सुझाव लेगी।

खूंटी में इसकी शुरूआत सोमववार से की जा रही है। इसे लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स, शिक्षक, खिलाड़ी सहित समाज के अन्य लोगों से सुझाव लिये गये। जिले में मंडल स्तर पर भाजपा आम लोगों से सुझाव संकलित करेगी। पूरे राज्य से आये सुझावों के आधार पर संकल्प पत्र तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सुझाव देने की भी व्यवस्था है। लोग लिखित रूप से भी सुझाव दे सकते हैं। पूरे राज्य में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों के सुझाव के आधार पर संकल्प पत्र तैयार कर उसे जारी किया जायेगा। सरकार बनने के बाद संकल्प पत्र के अनुसार काम किया जायेगा। मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, जगन्नाथ मुंडा, संजय साहू, निखिल कंडुलना, प्रियांक भगत, अर्जुन पहान सहित अन्य उपस्थित थे।

# दीपक फाउंडेशन से संचालित अडकी का कल्याण अस्पताल बंदी के कगार में पहुंचा




आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** झारखंड सरकार अडकी का कल्याण अस्पताल दीपक फाउंडेशन द्वारा संचालित बंदी के कगार में पहुंच गया है। 50 बेड का अस्पताल का आईपीडी 1 सितंबर से बंद कर दिया गया है। इस अस्पताल का एमयु 2018 में रघुवर सरकार के समय हुआ था। यह फाउंडेशन गुजरात का है। इस अस्पताल का झारखंड सरकार से एमयु 23 नवंबर 2023 को समाप्त हो गया है, तब से ऊहापोह की स्थिति में है। 5 सितंबर से ओपीडी भी बंद कर दिया जायेगा। अस्पताल प्रभारी डॉक्टर उमेश चंद्र सामल ने बताया कि अस्पताल बंद करने का नोटिस चिपका दिए हैं और लोगों को भी बोल रहे हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर को अस्पताल बंद कर देने का चिट्ठी लिखा गया है, इस अस्पताल में महीना लगभग 40 लाख सरकार खर्च करती थी, लेकिन इसका उचित लाभ लोगों को नहीं मिल पाता था। यहां न एक्स-रे मशीन ईसीजी वगैरह कुछ भी नहीं है। करीब 49 स्टाफ यहां थे। यहां नियुक्ति भी मनमर्जी तरीके से किया गया था। अभी यहां मात्र दो डॉक्टर है। दवाई तीन से चार लाख की खरीददारी हर महीने होती है। अभी रोगीयों को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया जा रहा है। एक पत्र टी डब्लु सी ट्राईबल वेलफेयर कमिश्नर को भी 5 अगस्त को अस्पताल द्वारा दिया गया है। इधर सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आठ महीने से सरकार पेमेंट नहीं कर रही है। अस्पताल की शिकायत के बाद एमयु सरकार नहीं कर रहीं है, अभी अस्पताल से कुछ लोगों को बैठाया भी गया है। कुछ स्थानीय लोगों को भी इस अस्पताल में काम पर रखा गया है, जो डिउटी कम अपना काम ज्यादा देखते हैं और अटेंडेंस खाता में हस्ताक्षर कर अपना वेतन उठा लेते हैं, जिसको चिकित्सा के क्षेत्र में कोई जानकारी नहीं है। वैसे लोग भी कांटेक्ट वेस पर नौकरी कर रहे हैं।

## तमाड़ः एनडीए से कौन होगा उम्मीदवार, ऊहापोह की स्थिति

# ताल ठोंकने लगे हैं सभी दलों के संभावित उम्मीदवार

> चुनाव आते- आते लोग गदगद हो रहे हैं। मानो अचानक मरने और जीने की लिस्ट पहले ही मिल गयी है




स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** झारखड में विधानसभा चुनाव बहुत जल्द होनेवाला है। तमाड़ विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियों ने कमर कस ली है। संभावित उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतर गये हैं और गांव गांव घूम रहे हैं। वे लोगों के सुख दुःख में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। लोग भी खुश हैं कि उन्हें कुछ मिल रहा है। चुनाव आते-आते लोग गदगद हो रहे हैं। मानो अचानक मरने और जीने की लिस्ट पहले ही मिल गयी है। महागठबंधन से झामुमो के विधायक विकास कुमार मुंडा का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है, वहीं इसी घटक दल से सीपीआइएम ने भी चुनाव लडने की घोषणा कर दी है और सुरेश मुंडा को मैदान में उतार दिया है। वहीं एनडीए से कौन होगा उम्मीदवार, इसे लेकर ऊहापोह की स्थिति अभी बनी हुई है। लोग चर्चा कर रहे हैं कि एनडीए गठबंधन से आजसू पार्टी या भाजपा और जदयू में से कौन पाटी चुनाव लड़ेगी। अभी सीट का समीकरण नहीं बना है। भाजपा और आजसू के संभावित उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। आजसू पार्टी के पूर्व उम्मीदवार राम दुर्लभ सिंह मुंडा, बुंडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल, शिक्षाविद गुंजन ईकिर मुंडा और पूर्व अभियंता प्रमुख और आजसू नेता सिंग राय टुटी और सुधा मुंडू टिकट पाने के लिए रेस में है। वहीं भाजपा से पूर्व उम्मीदवार रीता मुंडा और लक्ष्मन मुंडा टिकट पाने की दावेदारी कर रहे हैं। तमाड़ के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर भाजपा से दावेदारी ठोक रहे हैं। उनकी नजर भाजपा और आजसू गठबंधन के तहत आनेवाली सीट पर है। पीटर ने कहा है कि वे एनडीए फोल्डर से ही चुनाव लड़ेंगे। राजा पीटर भाजपा और आजसू दोनों के संपर्क में हैं। गठबंधन के तहत जिसे भी तमाड़ सीट मिलेगी, वह चुनाव लड़ने की कोशिश करेंगे। पिछले विधानसभा चुनाव में झामुमो से महागठबंधन के उम्मीदवार विकास सिंह मुंडा लगभग 55 हजार वोट लाकर विजयी हुए थे, वहीं एनडीए गठबंधन नहीं होने से भाजपा प्रत्याशी रीता देवी को लगभग 18 हजार वोट मिले थे, वहीं आजसू पार्टी उम्मीदवार राम दुर्लभ सिंह मुंडा को लगभग 25 हजार वोट मिले थे। वहीं जेल से चुनाव लड कर राजा पीटर को 16 हजार वोट मिले थे। इधर जेबीकेएसएस की इंट्री ने सभी दलों का गणित बिगाड़ दिया है। वह भी पूरे दम खम के साथ चुनाव लड़ेगा। इसके अलावे भी कई उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमायेंगे। कुल मिला कर चुनाव काफी रोचक होने की संभावना है।

## जान जोखिम में डाल कर बच्चे जाते हैं स्कूल



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जामुदाग पंचायत के दो गांव मगनडीह और हेसाहातू में 40 से 50 बच्चे जामुदाग हाई स्कूल में पढ़ते है। गांव से स्कूल जाने के दो रास्ते है। एक रास्ता इडकु होकर जाता है, जिसमें 7 किलोमीटर दूरी तय कराना पड़ता है। दूसरा रास्ता मगनडीह गांव के सामने एक सतीया नाला पड़ता है, जिसे पार कर स्कूल पहुंचने में डेढ़ किलोमीटर दूरी तय कराना पड़ता है। स्कूल के बच्चे इसी रास्ता को आने जाने के लिए पसंद करते हैं। बरसात के दिनों में सतिया उफान में रहता है। उफान के बीच बच्चों का आना जाना जारी रहता है। बरसात में तीन माह सतीया में कमर भर पानी रहता है। जोखिम और खतरा के बीच अभिवावक भी डरे सहमे रहते है। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

## कुम्हारटोली बुंडू के सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक आवास पहुंच बुंडू प्रमुख राजकुमार को पत्र सौंपा



बुंडू (आजाद सिपाही)। सोमवार को कुम्हार टोली बुंडू के सैकड़ों ग्रामीण विधायक आवास पहुंचे और विधायक द्वारा प्रतिनियुक्ति प्रतिनिधि बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिया कों पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया कि महावीर कुम्हार पिता शिवेश्वर कुमार के ऊपर कुछ लोगों ने गलत रूप से आरोप लगाया है। पूर्व में मोहल्ले में जुआरी शराबी का अड्डा बना रहता था। साथ ही वर्तमान में ऋषि काली मंदिर का निर्माण भव्य रूप से हुआ है। इसमें महावीर कुमार द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। इसमें मोहल्ले के कुछ लोग भोला कुम्हार, प्रेम कुम्हार, चंदन कुम्हार संदीप कुम्हार, विपुल कुम्हार, नागेंद्र कुम्हार के ऊपर आरोप लगाते हुए मोहल्ले के नवयुवकों को भटकाने का आरोप लगाया गया है।

## जेएमएम सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। सुरसू पंचायत के सुरसू गांव स्थित वन भवन प्रांगण में सोमवार के दिन झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेएमएम के निति व सिद्धांतों से प्रभावित हो कर सुरसू, हरजालूम, कुतुरलोवा, पुटादाग, महुवा बेड़ा आदि गांवों के सैकड़ों महिला पुरुषों ने सदस्यता ग्रहण की, जिसे जेएमएम के सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया ने फुल माला पहना कर स्वागत किया।

## जनजागरण पदयात्रा को सफल बनाने को लेकर आजसू पार्टी की हुई बैठक



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल के निकट किचटो पंचायत स्थित ज्ञानदीप विद्या निकेतन स्कूल तारवां ( बाराडिह ) की प्रांगण में आजसु पार्टी की बैठक हुई। इसमें पांच सितंबर को किचटो पंचायत के ग्राम हफुआ और बराडीह तथा बुंडू में राज्य सरकार के वादा खिलाफी के खिलाफ आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बडकागांव विधानसभा प्रभारी लाल चौधरी का जन जागरण पदयात्रा को सफल बनाने को लेकर बिशेष चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता किचटो पंचायत अध्यक्ष चिंतामण महतो तथा संचालन मणिलाल महतो ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आजसु पार्टी के केरेडारी प्रखंड सचिव मोहन कुमार, पूर्व मुखिया कैलाश नाथ महतो, केरेडारी प्रखंड उपाध्यक्ष मदन साव, बुंडू पंचायत अध्यक्ष दीपक कुमार साहू, उपेंद्र यादव, मुकेश साहु, भोलानाथ महतो, रूपलाल महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विकास को गांव तक पहुंचाना ही आजसू पार्टी का लक्ष्य : राजेंद्र शाही



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। सिल्ली विधानसभा के प्रस्तावित प्रखंड जोन्हा अंतर्गत टाटी पंचायत के टाटी चौक और मैनिछापर में विधायक मद से बनने वाले चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास अनगड़ा पूर्वी जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा ने नारियल फोड़कर किया। जिला परिषद ने कहा कि ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक मद से दोनों जगहों पर चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ है। ग्रामीणों को अब ग्राम सभा आदि करने के लिए सुविधा होगी। साथ ही सभा कर योजनाओं को अग्रसारित करेंगे। कार्यक्रम में इनके साथ प्रखंड अध्यक्ष शंकर मुंडा, घासनी देवी, जगमोहन बेदिया, दीनदयाल बेदिया, अमर सिंह मुंडा, सरस्वती देवी, सीताराम रजवार, लंबोदर रजवार, उपासी देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। फोटो कैप्शन 313

## विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन



खूंटी। झारखंड सरकार के निर्देश पर 30 अगस्त से आयोजित हो रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत सोमवार को खूंटी प्रखंड के लांदुप पंचायत भवन, कर्रा के लिमड़ा पंचायत भवन, मुरहू के रूमुतकेल पंचायत भवन, अड़की के सोसोकुटी पंचायत भवन, तोरपा के सुंदारी पंचायत भवन और रनिया के खटंगा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र के पिपराटोली शिव मंदिर के समीप शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न पंचायतों और शहरी क्षेत्र में आयोजित कैंप में आमजनों को ऑन द स्पॉट सरकारी योजना का लाभ दिया गया। शिविरों के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने अधिकारियों को आवश्यक नर्देश दिए। शिविरों में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों ने शिविरों में शामिल होकर, लाभुकों को योजना का लाभ दिलाया और योनाओं की जानकारी दी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### केसीबी कॉलेज बेड़ो में इंटर संकाय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू

बेड़ो (आजाद सिपाही)। करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो में सोमवार से इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इस संदर्भ में रांची विश्वविद्यालय रांची के द्वारा जारी की गयी अधिसूचना के तहत महाविद्यालय के कार्यालय से एक सूचना निर्गत की गयी। दर्जनों विद्यार्थियों ने सोमवार को नामांकन फार्म खरीदा। वहीं मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद विद्यार्थियों का नामांकन शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। इधर महाविद्यालय में इंटर प्रथम वर्ष के तीनों संकाय कला, वाणिज्य एवं विज्ञान में नामांकन शुरू होने से पूरे क्षेत्र में अभिभावकों, विद्यार्थियों व शिक्षाप्रेमियों के बीच हर्ष व्याप्त है। वहीं नामांकन शुरू होने से सुदूरवर्ती गांवों के ग्रामीणों ने राहत का सांस ली है। इधर ग्रामीणों व बुद्धिजीवियों ने रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के प्रति आभार प्रकट किया है।

### बेड़ो में हुई पड़हा प्रेमियों की बैठक



बैठक में बोलते हुए 12 पड़हा राजा विशाल उरांव।

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित पड़हा जतरा मैदान में बेड़ो, लापुंग, मांडर एवं चान्हो प्रखंड के पड़हा प्रेमियों की एक बैठक हुई। इसमें झारखंड राज्य के आंदोलनकारियों को यथाशीघ्र पेंशन देने एवं बुनियादी पड़हा व्यवस्था को लागू करने की मांग किया गया। साथ ही झारखंड आंदोलनकारियो एवं पड़हा राजाओं, दीवान एवं पड़हा प्रेमियों का एक प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से यथाशीघ्र मिलाने का निर्णय लिया गया। मौके पर सभी गांव से आए हुए महतो, पहान, पुजार एवं दीवानों ने पड़हा व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर मुख्य रूप से पड़हा राजा विशाल उरांव, पड़हा संचालन के सचिव सह मीडिया प्रभारी चरवा उरांव, अध्यक्ष बंधना उरांव आंदोलनकारी मोर्चा के अध्यक्ष बंदे उरांव, सचिव बिशु उरांव, सुका उरांव, सरना समिति के अध्यक्ष सुका उरांव, पड़हा के मुख्य संरक्षक नीलमणि भगत, घीनू उरांव, भौवा उरांव, प्रो सोमरा उरांव, मंगू उरांव एवं डहरू उरांव मौजूद थे।

### अनगड़ा में वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र अनगड़ा में सोमवार को वयस्क (एडल्ट) बीसीजी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशि प्रभा ने फीता काट कर किया। इसका पहला डोज सीएचसी के बीपीएम शैलेश कुमार ने लेकर लोगों को टीका लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह डोज 18 से 60 वर्ष के लोगों के लिए है। बताया गया की वयस्क बीसीजी का यह डोज भविष्य में टीबी रोग की रोकथाम के लिए काफी फायदेमंद है। खास कर सुगर मरीज, पूर्व टीबी मरीज, बीएमआई क्रम के वैसे लोग जो नशापान करते हैं, इन्हें वयस्क बीसीजी का डोज जरूर लेना चाहिए। क्योंकि उनमें टीबी रोग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। वहीं गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माता, टीबी ग्रसित मरीज, एचआइवी/कैंसर से ग्रसित लोग, प्रतिरक्षण दवा लेने वाले, गंभीर रूप से बीमार एवं इंजेक्शन से नशीली दवा लेने वाले लोगों को यह टीका नहीं लगाना है। यह टीका सभी उपस्वास्थ्य केंद्रों में रविवार, गुरुवार एवं शनिवार को छोड़कर अन्य दिनों में आंगनबाड़ी केंद्रों में भी दिया जायेगा। इस अवसर पर बीपीएम शैलेश कुमार, रानी बाला, संगीता, अनिल, अजय, शिवानी, प्रीति, कामेश्वर सांगा सहित अन्य स्वास्थकर्मी मौजूद थे।

### पूर्व विधायक ने चौपाल में सुनी समस्याएं



नामकुम (आजाद सिपाही)। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने सोमवार को नामकुम प्रखंड अंतर्गत बड़ाम पंचायत के विभिन्न गांवों में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। चौपाल में ग्रामीणों ने उनसे पेयजल, सड़क, बिजली, शिक्षा व स्वास्थ्य से संबंधित समस्या से अवगत कराया। इस पर पाहन ने समस्याओं के सामाधान का आश्वासन दिया। कहा कि विगत 5 साल झामुमो एवं कांग्रेस गठबंधन की सरकार में खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विकास के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई है। 2019 के बाद से क्षेत्र में एक भी जन कल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन नहीं हुआ है। 2014 से 19 के उनके कार्यकाल क्षेत्र के लिए स्वर्णिम काल रहा है। मौके पर टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो, करमा लोहरा, अमन महतो, राजकिशुन महतो, रामकिशोर नायक, जयसवाल कच्छप, जितेंद्र केरकेट्टा, करमु महतो, संदीप तिवारी मुंडा, बुधराम मुंडा, बलराम मुंडा, मोहन मुंडा, संदीप कच्छप, विजय टोप्पो आदि उपस्थित थे।

### आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति का प्रखंड सह अंचल घेराव आज

नामकुम (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, जन समस्याओं एवं ज्वलंत मुद्दों को लेकर आदिवासी मूल वासी संघर्ष समिति आज नामकुम प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव करेगा। समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने प्रखंड अंतर्गत निवास करने वाले सभी लोगों से अपने हक एवं अधिकार के लिए अपना बहुमूल्य समय निकालकर घेराव में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की है। इसे लेकर सोमवार को विभिन्न गांवों में दौरा किया गया।

# सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत, एक घायल, रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के खिरदा मोड़ के समीप रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर सोमवार की रात लगभग साढ़े सात बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार दो युवकों में से एक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर मृतक की पहचान बेड़ो के खिरदा गांव निवासी 21 वर्षीय अमृत तिर्की पिता जोसेफ तिर्की के रूप में हुई है, जबकि गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान 20 वर्षीय डेविड कुजूर पिता लॉरेंस कुजूर बेड़ो खिरदा गांव निवासी है।

इधर ग्रामीणों पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा एवं तंजीर हुसैन ने बेड़ो पुलिस के सहयोग 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ मेघा भगत ने गंभीर रूप से घायल अमृत तिर्की को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं डेविड कुजूर का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।



फाइल फोटो अमृत तिर्की।

इधर घायल के स्वजनों ने बताया कि दोनों युवक बेड़ो से अपने घर जा रहे थे। वहीं घटना की सूचना मिलने बेड़ो थाना के एसआइ अनिल टोप्पो सशस्त्र बल के अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। वहीं बेड़ो पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। जिसे मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जायेगा। इधर घटना की जानकारी मिलने पर सीएचसी पहुंचे मृतक के भाई, भाभी एवं स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## स्पोर्ट्स में नीरजा सहाय डीएवी का उम्दा प्रदर्शन



पिठोरिया (आजाद सिपाही)। डीएवी सीएमसी के तत्वावधान में आयोजित डीएवी स्पोर्ट्स के राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन रहा। राज्य स्तरीय विभिन्न खेलों जैसे- एथलेटिक्स, रेसलिंग, फुटबॉल, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, खो-खो, योगा ,जूडो, कराटे, उशू ,चेस, वॉलीबॉल, स्केटिंग आदि खेलों में खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर -14 वर्ग, अंडर-17 वर्ग तथा अंडर-19 वर्ग में नीरजा सहाय के कुल 223 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें उन्होंने स्वर्ण पदक 32, रजत पदक 27 और कांस्य पदक 15 हासिल किए। ध्यातव्य रहे कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक और रजत पदक प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित डीएवी स्पोर्ट्स में भाग लेने का सुनहरा अवसर नीरजा सहाय के 40 खिलाड़ियों को प्राप्त होगा। नीरजा सहाय डीएवी में 81 स्कूलों के 600 खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था की गयी थी। स्कूल ने दो खेलों हॉकी तथा रेसलिंग का भी आयोजन किया। खिलाड़ियों के उम्दा प्रदर्शन पर प्राचार्या किरण यादव ने सभी खिलाड़ियों के साथ उनके खेल शिक्षकों को भी बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विजेता टीम को राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## डीएवी स्कूल के छात्रों ने राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल




गोल्ड मेडल स्वेता टोप्पो व रजत मेडल विजेता सादिक अंसारी को सम्मानित करते हुए डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार।

बेड़ो (आजाद सिपाही)। डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रांची के होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के टाना भगत स्टेडियम में रविवार को आयोजित कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने प्रखंड व जिले का नाम गर्व से ऊंचा किया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने अपनी शानदार प्रतिभा व बुलंद हौसले का परिचय देते हुए एक गोल्ड मेडल एवं एक रजत पदक जीते। मुख्य संरक्षक विमल आनंद नाग ने बताया कि आगामी स्टेट चैंपियनशिप में जिन बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इनमें से पांच छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर खेली जाने वाली प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर प्रदान किया जायेगा। वहीं बच्चों के बीच इवेंट में फाइट टेक्नीक के दो राउंड हुए, जिसमें बच्चों ने स्वर्ण और रजत पदक के साथ प्रमाण पत्र जीते। इस शानदार सफलता के साथ ही स्कूल ने रांची जिले में बेड़ो की ओर से कराटे के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करायी है। छात्रों की इस सफलता के पीछे उनके मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राज कूपर और सुरेंद्र साहू की कड़ी मेहनत व लगन ने इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। यहां 13 से 15 साल के बच्चों में कक्षा छह की स्वेता टोप्पो ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं कक्षा चार के सादिक अंसारी ने 9 से 12 साल के बच्चों में रजत पदक मिला। वहीं डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल की इस उपलब्धि पर प्राचार्य कैलाश कुमार ने बच्चों के प्रशिक्षक राज कूपर और सुरेंद्र साहू को इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद किया। साथ ही विजेता बच्चों को पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## बैंक ऑफ इंडिया रांची जोन फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन, लोवाडीह की टीम बनी विजेता



नामकुम (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया रांची जोन फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का शुभारंभ सोमवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप, बैंक ऑफ इंडिया रांची जोन के जीएम संजीव कुमार सिंह, जिप सदस्य रीता होरो, मुखिया रंजीत लकड़ा, राज्य एफबीओआईओए के महासचिव सुनील लकड़ा, भाजपा नेता उमेश बड़ाइक ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मैच आर वन 5 लोवाडीह एवं एफसी घाघरा के बीच खेला गया। जिसमें ट्राई ब्रेकर में 4 - 3 से लोवाडीह की टीम विजई रही। विजेता टीम को 55 हजार नकद एवं ट्राफी, उपविजेता टीम को 31 हजार एवं ट्राफी, तीसरे एवं चौथे स्थान पर रहीं ग्रीन गार्डेन रामपुर एवं बैंक ऑफ इंडिया राजाउलातू की टीम को क्रमशः सात सात हजार रुपए नकद देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन राज्य एफबीओआईओए के महासचिव सुनील लकड़ा एवं राजाउलातू शाखा प्रबंधक मनीष कुमार के नेतृत्व में किया गया था। मौके पर शाखा प्रबंधक मनीष कुमार, पंसस रीता रजनी कुजूर, पूर्व मुखिया महादेव मुंडा, कल्याण लिंडा, खिजरी भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, अशोक राय, नरेश कुमार, जोसेफ कच्छप, सूरत राय, शंकर सिंह मुंडा, दयानंद राय आदि उपस्थित थे।

## मादक पेय और नशीली दवाओं के सेवन से होती है हानि : राजेश कुमार सिन्हा



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में सोमवार को संत अन्ना बालिका स्कूल में नशा मुक्ति पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, लाइफ सेवर्स, एनजीओ के चीफ अतुल गेरा, सीआईडी.ईंस्पेक्टर सरोज कुमार, एनसीबी-सुप्रीन्टेंडेंट ऑफ पुलिस लुंखो लाल, ईंटेलीजेंस ऑफिसर एनसीबी राकेश गोस्वामी, संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका, शिक्षिका, पीएलवी सुमन ठाकुर, पम्मी देवी, पुनम देवी, सुनीता देवी, रेनु देवी, विश्वनाथ, राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में बोलते हुए अतुल गेरा ने कहा कि कैसे साधारण खांसी की सिरप जैसी चीजों का नशे के लिए उपयोग किया जाता है। झारखंड राज्य न केवल नशीली दवाओं का उपभोग करता है, बल्कि भारी कार्रवाई के बावजूद इनका उत्पादन भी करता है। नशा करने से व्यक्ति और परिवार के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने नशा से संबंधित पदार्थों के बारे में विस्तार से बताया। सीआइडी इंस्पेक्टर सरोज कुमार ने कहा कि झारखंड में नशे की समस्या को रोकने के लिए एनसीबी की भूमिका महत्वपूर्ण है। गृह मंत्रालय ने पिछले महीने मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित किसी भी संदेह की जानकारी देने के लिए आम जनता के लिए मानक हेल्पलाइन (टोल फ्री नं. 1933) जारी किया है। एनसीबी के एसएसपी लुंखो लाल, ईंटेलीजेंस ऑफिसर एनसीबी राकेश गोस्वामी ने भी बच्चों को नशा से संबंधित कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# सुमित ब्रदर्श और तिग्गा परिवार एफसी की टीम सेमीफाइनल में

## बुरहाखुखरा बनाम पोखरटोली के बीच होगा आज का उद्घाटन मैच

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बूढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बूढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में दो सितंबर को खेले जा रहे शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2024 के दूसरे दिन का उद्घाटन मैच खान ब्रदर्श गोरे और अमित ब्रदर्श मांडर के बीच खेला गया। इसका उद्घाटन बंझिला पंचायत समिति सदस्य मो जमील, आंदन केवट, ताज कलेक्शन के प्रोपराइटर सरताज अंसारी सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच में खान ब्रदर्श ने अमित ब्रदर्श को 1-0 गोल से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया।

**शदीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2024**



ग्रुप बी के अन्य मैचों में एनवाइसी कटचांचो ने एलकेटी करमटोली लोयो को 4-0, सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब कंजिया ने ब्लू स्काई मुड़मा को ट्राइब्रेकर में 5-3 और सुमित ब्रदर्श रानीखटंगा ने रिमझिम क्लब बांसजाड़ी को ट्राईब्रेकर में 4-3 गोल से हरा कर अगले राउंड में प्रवेश किया।

वहीं अगले राउंड में सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब कंजिया ने एनवाइसी कटचांचो 1-0 और सुमित ब्रदर्श रानीखटंगा ने खान ब्रदर्श गोरे को पेनाल्टी किक में 5-4 अगले राउंड में पहुंच गयी।

सोमवार को सातवां और अंतिम मैच दूसरा क्वाटर फाइनल सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब कंजिया और सुमित ब्रदर्श रानीखटंगा के बीच खेला गया। इसमें सुमित ब्रदर्श ने कंजिया को 1-0 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंच गयी।

रविवार को पहले ही तिग्गा परिवार एफसी की टीम ट्राइब्रेकर में रेड जोन को 5-3 गोल से परजित कर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। तीन सितंबर का उद्घाटन मैच जोएब पोल्ट्री फॉर्म बुरहाखुखरा बनाम एनएफसी पोखरटोली के बीच खेला जायेगा।

टूर्नामेंट के सफल संचालन में आयोजन समिति के अध्यक्ष मो शकिब (छोटू), खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, समाजसेवी अनैसुल अंसारी, स्कोरर रंजीत खलखो, संदीप कुजूर मो अबदुल, विनोद खलखो, लखो उरांव मो आरिफ, नंदलाल केवट, मो रशीद सहित क्षेत्र के कई लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा, दो महिलाएं और तीन बच्चे हुए घायल



बेड़ो (आजाद सिपाही)। बेड़ो थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग पर सोमवार की अपराह्न लगभग डेढ़ बजे अनियंत्रित होकर एक सवारी ऑटो नंबर जेएच 02 डब्ल्यू 3906 के पलटने से ऑटो में सवार दो महिलाएं तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलों में बूटी मोड़ रांची निवासी 29 वर्षीय प्यारी देवी पति स्व. रामविलास लोहरा और 5 वर्षीय पुत्र कार्तिक लोहरा एवं 1 वर्षीय शिवा लोहरा वही भंडरा लोहरदगा निवासी 20 वर्षीय आशिया खातून पति एनामुल अंसारी और 6 वर्षीय पुत्र अफसर अंसारी है। जिन्हें ग्रामीणों ने ऑटो चालक के सहयोग से पांचों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया, जहां डॉ कुसुमलता की देखरेख में पांचों घायलों का इलाज किया गया। घायल प्यारी देवी ने बताया कि वे सभी रांची से ऑटो में सवार होकर बेड़ो बैंक आ रहे थे, तभी ऑटो के तेज गति होने के कारण असंतुलित होकर पलट गया।

### रामकृष्ण मिशन ने लगाया पहाड़सिंह बिरहोर टोला में स्वास्थ्य जांच शिविर



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रामकृष्ण मिशन टीबी सेनेटोरियम तुपुदाना की ओर से बरवादाग पहाड़सिंह बिरहोर टोला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 135 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी तथा उनके बीच दवा का वितरण किया गया। शिविर में रामकृष्ण मिशन टीबी सेनेटोरियम के सचिव स्वामी सत्यसंगानंद महराज उपस्थित थे। उन्होंने मौके पर टीबी मरीज विजय बिरहोर को अपने आश्रम स्थित अस्पताल में रख कर इलाज कराने की बात कही। बताया कि यह शिविर प्रत्येक गुरुवार के दिन लगाया जायेगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को इस शिविर का लाभ उठाने को कहा। इस मौके पर बरवादाग मुखिया, वार्ड प्रतिनिधि सोनाराम सिंह मुंडा, डॉ आलोक कुमार पाठक, एम चंद्रमोहन, पार्टी चटर्जी, देवदुलाल भौमिक, सुखेंदू विकासधर, रामू टोप्पो, राजेंद्र नायक, पहलू बेदिया, रीना देवी, बिनोद बिरहोर और इसराइल बिरहोर आदि उपस्थित थे।

### प्रार्थना सभा में पहले पहुंचनेवाले बच्चों को किया गया प्रोत्साहित



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में प्रार्थना सभा में सर्वप्रथम विद्यालय पहुंचने वाले 10 बच्चों को प्रधानाध्यापक विमलेश कुमार मिश्रा, बीपीओ रीना यादव, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह शिक्षक सतीश बड़ाइक, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बीपीओ रीना यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी नियमित एवं ससमय विद्यालय पहुंचे। इस अवसर प्रधानायापक विमलेश कुमार मिश्रा, बीपीओ रीना यादव, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाइक, कुमारी किरण माला, आशा कुमारी, मो मुस्तफा अंसारी, निर्मला कुजूर, अनुपा शैल बाला कुजूर, संगीता कुमारी, प्रभा देवी, सुषमा देवी, डेकेश कुमार शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्षा सुनिता देवी, बाल संसद के प्रधानमंत्री नेहा कुमारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### झारखंड सरकार की गरीब विरोधी मानसिकता उजागर : शशि मेहता

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। रांची जिले के ओरमांझी अंचल कार्यालय के बाहर गरीब बीपीएल परिवारों को मिलनेवाला नमक भारी मात्रा में फेंक दिया गया, जिससे सरकार की गरीब विरोधी मानसिकता स्पष्ट हो गयी है। इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रांची जिला ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता ने कहा कि यह घटना हेमंत सोरेन सरकार की असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है, जो नमक गरीब परिवारों के भोजन का हिस्सा बन सकता था, वह अब सड़कों पर बर्बाद हो रहा है। यह गरीबों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। मांग की कि सरकार दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और गरीबों को उनका अधिकार दिलाये।

### भारत आदिवासी पार्टी नामकुम, नगड़ी, अनगड़ा प्रखंड कमिटी का गठन

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही) । प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा के निर्देशानुसार खिजरी विधानसभा क्षेत्र में भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्छप के नेतृत्व में सोमवार को सैम्बो में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन गया। मौके पर रांची जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लिंडा की देख रेख में खिजरी विधानसभा अंतर्गत नगड़ी, नामकोम, अनगड़ा में प्रखण्ड कमेटी का गठन किया गया। मौके पर भारत आदिवासी पार्टी के नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष के रूप में संदीप उरांव को नामकुम प्रखंड अध्यक्ष के रूप में किशन बुकुड़वार वही अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष जीतराम बेदिया को बनाया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में हिजरी विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंड से सैकड़ों लोग पार्टी के सिद्धांत से प्रभावित होकर पार्टी के सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर में मुख्य अतिथि भारत आदिवासी पार्टी राष्ट्रीय सदस्य बबीता कच्छप ने भारत आदिवासी पार्टी के सिद्धांतों, उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पार्टी आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने वाली पार्टी है।

